रोहतक
शुक्रवार, 28 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 56
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 37.9
न्यून. 16.2

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,606.43 | 317.93 ▲ |
| निफ्टी | 23,591.95 | 105.10 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 91,050 /- | 365/- ▲ |
| चांदी | 1,01,700/- | 200/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 85.77 | 8 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 73.62/ बैरल | 0.23% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

**आईपीएल में आज**



चेन्नई सुपर किंग
V/S
रॉयल चेलेंजर्स
- : समय :-
7.30 PM
- : स्थान :-
चेन्नई

### बलूच विद्रोहियों ने छह यात्रियों को मार डाला

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में विद्रोहियों ने एक बस को रोककर पंजाब प्रांत से आए यात्रियों को उतारने के बाद उनमें से छह लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि तीन का अपहरण कर लिया। अधिकारियों ने बताया, प्रांत में एक अन्य आतंकवादी हमले में पुलिस वाहन के पास बम विस्फोट होने से भी तीन लोगों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए।

# सीएम का तंज : जिनका कोई आधार नहीं वे बजट को निराधार बता रहे, भटकी राह वाले भी राह दिखा रहे, हुड्डा का जवाब : गुरु गुड़ और चेला चीनी हो गया

## विस में सीएम सैनी ने बजट पर उठाए सवालों के जवाब दिए, विपक्ष पर निशाना

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा बजट सत्र-2025 के 11वें दिन भी सदन में जमकर शोर गुल हुआ और पक्ष विपक्ष ने एक-दूसरे पर जमकर निशाने साधे। सदन के नेता सीएम नायब सिंह सैनी ने वित्तमंत्री होने के नाते विपक्षी विधायकों के नाम ले लेकर जवाब दिए। इस दौरान कई बार तीखी नोकझोंक और बहस भी हुई। सैनी ने बजट पर उठाए गए सवालों के जवाब दिए और विपक्ष को निशाने पर लिया। उन्होंने शेर-ओ-शायरी के जरीये कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, आइना जब भी उठाया करो, पहले खुद को देखा करो, फिर दिखाया करो।

### ऐसे चलाए एक-दूसरे पर तीर

जिनका कोई आधार नहीं, वह बजट को निराधार बता रहे, जिनकी सियासत में सिर्फ दावे रहे हैं, आज वो हमें नसीहतें सुनाने लगे हैं। जो खुद चलते रहे भटकी हुई राह पर, आज हमें रहा दिखाने लगे हैं। इस दौरान उन्होंने मास्टर का किस्सा भी सुनाया। इसके जवाब में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि गुरु गुड़ हो गया, चेला चीनी हो गया। सीएम ने कहा, मनोहर लाल ने पूरे हरियाणा की तस्वीर बदल दी है। इस पर हुड्डा ने कहा सारी बात मानना, नहीं तो गड़बड़ हो जाएगी। हरियाणा विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण भी कई मौकों पर ठहाके लगाते हुए नजर आए।

(पेज दो भी देखें)



### सभी घोषणाएं पूरी करेंगे

सीएम ने कहा, वर्ष 2025-26 के अंत में राजस्व घाटे का आंकड़ा एक प्रतिशत से भी कम रहेगा। हमारी कोशिश है कि राजस्व घाटे को भी तिगुनी गति से कम करें। मैं वचन देता हूं कि हम अपनी सभी घोषणाओं को बजट 2025-26 की प्रस्तावित धनराशि 2,05,017 करोड़ रुपए से ही धरातल पर क्रियान्वयन करके दिखाएंगे। मुख्यमंत्री के भाषण के बीच हुड्डा बोले तो मंत्री अनिल विज भड़क गए।

- बजट को लेकर मुख्यमंत्री का विपक्ष को जवाब, डिमांड भी पारित
- सदन की अंतिम चरण की कार्यवाही के दौरान विभिन्न मांगों पर रखी विपक्ष ने अपनी बात

### ईद की छुट्टी खत्म करने का मामला भी गूंजा

ईद की छुट्टी खत्म करने को लेकर आफताब अहमद ने सवाल उठाए साथ ही कहा, साल में एक दिन आता है, उस दिन को भी आरएच कर दिया। पूरे देश में छुट्टी है, लेकिन हरियाणा में नए ही आदेश जारी कर दिए गए हैं। यह गलत है, इस पर सीएम ने बताया कि 31 मार्च वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन है। बता दें कि सरकार ने ईद-उल-फितर के दिन 31 मार्च को राजपत्रित अवकाश के बजाय अनुसूची-II के अंतर्गत प्रतिबंधित अवकाश घोषित किया है। हरियाणा सरकार द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है।

## लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पास, शाह की दो टूक

# भारत कोई धर्मशाला नहीं, अशांति के लिए आने वालों से सख्ती से निपटेंगे

- विदेशियों के आने-जाने की जानकारी रखी जाएगी
- कोई योगदान देने के लिए आता है तो उसका स्वागत
- नीति में उदारता के साथ कठोरता की भी जरूरत

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सरकार की प्रवासन नीति को कठोरता और करुणा का मिश्रण करार देते हुए बृहस्पतिवार को लोकसभा में दो टूक कहा कि 'भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी जब चाहे यहां आकर रह जाए'। उन्होंने सदन में 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' (इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स) पास होने पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारत में व्यापार, शिक्षा और शोध के लिए आने वालों का स्वागत होगा, लेकिन गलत उद्देश्य और अशांति फैलाने के मंसूबे के साथ भारत में दाखिल होने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। शाह के जवाब के बाद सदन ने कुछ विपक्षी सांसदों के संशोधनों को खारिज करते हुए 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। शाह ने कहा, 'हमारे देश में कौन आता है और कितने समय के लिए आता है, देश की सुरक्षा के लिए हमें यह जानने का अधिकार है।'



### शरणार्थी नीति की हमें जरूरत नहीं

शाह ने कहा कि कई बार लोग सवाल उठाते हैं कि शरणार्थी संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए कि पांच हजार साल से प्रवासियों के बारे में भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग रहा है और किसी शरणार्थी नीति की हमें जरूरत नहीं है। 'भारत भू सांस्कृतिक देश है, भू राजनीतिक देश नहीं है। भारत का शरणार्थियों के प्रति एक इतिहास रहा है। पारसी भारत में आए। इजराइल से यहूदी भागे तो भारत में आ रहे हैं।'

### छह देशों के प्रताड़ित लोगों को शरण दी

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में छह पड़ोसी देशों के प्रताड़ित लोगों को भारत ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के माध्यम से शरण दी है। 'घुसपैठ करने वालों को रोकेंगे, नागरिकता उन्हें ही मिलेगी जिन्होंने पड़ोसी देशों में विभाजन की विभीषीका झेली है और अत्याचारों का सामना किया है।' जो कानून तोड़ेंगे उन पर सरकार की कड़ी नजर होगी।

### अवैध घुसपैठियों को रोक रहे

हमारी सीमा पर कुछ संवेदनशील स्थान हैं, सेना के अड्डे हैं, उनको दुनियाभर के लिए खुले नहीं छोड़ सकते थे। पहले भी घुसपैठियों को रोका जाता था, लेकिन तब इसका नियम नहीं था। हममें हिम्मत है नियम बनाकर रोकने की। पूरी व्यवस्था को वैज्ञानिक तरीके से एक कानून में बांधने का काम किया गया है।

### बिल में ये प्रस्ताव

- किसी भी विदेशी नागरिक के बिना वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के भारत आने पर पांच साल और पांच लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान।
- गलत जानकारी देने या दस्तावेजों में गड़बड़ी करने पर तीन साल तक जेल और तीन लाख रुपये जुर्माना।
- बिना वैध पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेजों के भारत में प्रवेश करने वाले को हिरासत में लिया जाएगा।
- अगर मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ मिला तो सजा और कड़ी।

*प्रदीप नरवाल के खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में कार्रवाई*

# हिसार के डीईओ रिटायरमेंट से चार दिन पहले निलंबित

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** भ्रष्टाचार के मामले में शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) प्रदीप नरवाल को सस्पेंड कर दिया। निलंबन अवधि के दौरान वे मुख्यालय में सेवाएं देंगे। उनके स्थान पर सिरसा के डीईओ वेदप्रकाश को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। खास बात यह है कि नरवाल 4 दिन बाद 31 मार्च को ही रिटायर होने वाले थे। नरवाल पर स्कूलों को मान्यता देने के एवज में स्कूल प्रबंधकों से रिश्वत मांगने के आरोप हैं। एक स्कूल से रिश्वत नहीं मिली तो उन्होंने 29 कमरों के स्कूल को 18 कमरों का दिखा दिया। स्कूल किसी आरएसएस नेता का बताया जा रहा है। यह बात सीएम नायब सिंह सैनी तक भी पहुंच गई और इसके बाद डीईओ पर कार्रवाई हुई।



### अभी नहीं मिले आदेश : नरवाल

*डीईओ प्रदीप नरवाल का कहना है कि अभी तक निलंबन के आदेश नहीं आए हैं। 31 मार्च को उनकी रिटायरमेंट है। 20 मार्च को रिटायरमेंट बारे पत्र आ गया था।*

### 12 लाख मांगने के आरोप

सीएम सैनी के पास दो दिन पहले निजी स्कूलों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा था। इस दौरान बताया गया कि हिसार के डीईओ मान्यता देने की एवज में घूस मांग रहे हैं। उक्त अधिकारी ने हर स्कूल से 12 लाख रुपये की डिमांड की है। मामले ने तब तूल पकड़ा जब एक आरएसएस से जुड़े स्कूल संचालक से डीईओ ने स्कूल अपग्रेड की मान्यता के बदले 12 लाख मांगे। उसने पैसा नहीं दिया तो स्कूल में कमी निकालकर उसकी मान्यता रद कर दी।

### मुख्यमंत्री ने की कार्रवाई

स्कूल ने 12वीं तक मान्यता के लिए अप्लाई किया था। पूरे मापदंड अपनाए हुए थे। 12वीं तक मान्यता के लिए 22 कमरों का स्कूल होना चाहिए, जबकि, स्कूल में 29 कमरे थे। डीईओ ने स्कूल का निरीक्षण करने की तारीख 25 जून 2024 तय की, लेकिन उक्त अधिकारी एक दिन पहले ही 24 जून को निरीक्षण करने पहुंच गया और रिपोर्ट नेगेटिव दिखा दी। 29 कमरे के स्कूल को 18 कमरों का दिखाया। निजी स्कूलों के प्रतिनिधिमंडल ने एक ऑडियो भी मुख्यमंत्री को दिया, जिसमें उक्त अधिकारी पैसे मांग रहा है। सीएम ने दो दिन के अंदर ही डीईओ को सस्पेंड करके मामले की विजिलेंस जांच के आदेश दे दिए। अब शिक्षा विभाग ने उसे सस्पेंड कर दिया।

### जस्टिस वर्मा का तबादला रोकने और आपराधिक जांच की भी मांग

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर करने के फैसले पर पुनर्विचार हो सकता है। 6 हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन के पदाधिकारी गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना से मिले व तबादला पर विचार करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने आपराधिक जांच की भी मांग की। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसो. अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा, सीजेआई ने हमें विचार करने का आश्वाशन दिया है।



**जज कैश केस**
छह बार एसो. पदाधिकारी सीजेआई से मिले

### राज्यों की सहमति के बिना सीबीआई जांच के लिए कानून बनाएं

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीबीआई में प्रतिनियुक्ति के लिए उम्मीदवारों की कमी का जिक्र करते हुए संसद की समिति ने विशेषज्ञों के लिए 'लेटरल एंट्री' की सिफारिश की और सुझाव दिया कि एजेंसी को राज्यों की सहमति के बिना राष्ट्रीय सुरक्षा और अखंडता को प्रभावित करने वाले मामलों की जांच करने की अनुमति देने के लिए एक नया कानून बनाया जाए। समिति ने पुलिस उपाधीक्षकों, निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों जैसे पदों के लिए एसएससी, यूपीएससी या स्वतंत्र भर्ती ढांचा विकसित करने की सिफारिश की है।

*'पति ने कहा था एक मर्डर करूं या दो, सजा उतनी ही मिलेगी'*

# फरीदाबाद में महिला डॉक्टर की हत्या, क्लीनिक में ही मिला शव

**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** बल्लभगढ़ की विष्णु कॉलोनी एक महिला डॉक्टर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। क्लीनिक में ही उसका शव बरामद हुआ। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच की। महिला की पहचान डॉ. प्रियंका के रूप में हुई है। उसकी बहन पूजा ने बताया कि प्रियंका और मेरी शादी एक ही घर में हुई है। प्रियंका की हत्या उसके पति लख्मी चंद और मेरे पति भगत सिंह ने मिलकर की है। वह प्रियंका को धमकी दे रहा था। वह उसे कहता था कि एक हत्या करूं या दो, सजा तो उतनी ही मिलेगी। मेरा पति भगत सिंह हरियाणा पुलिस में डायल 112 की गाड़ी पर ड्राइवर है। प्रियंका को कई दिन से धमकियां मिल रहीं थी। इसकी शिकायत उन्होंने आदर्श नगर थाने में की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार रात को उसका शव मिला।



### बच्चों को ले गई थी सास

पूजा ने कहा कि प्रियंका की हत्या पूरी योजना के तहत की गई है। हत्या से एक दिन पहले ही प्रियंका की सास और भगत सिंह क्लीनिक पर आए थे। वे दोनों बच्चे नकुल और एकता को अपने साथ ले गए।

### चार साल से अलग रह रही थी

प्रियंका की शादी 2010 में पलवल के भिडुकी गांव निवासी लख्मी चंद से हुई थी। पारिवारिक विवाद के चलते वह 4 साल से बल्लभगढ़ में किराए के मकान में अपना क्लीनिक चला रहीं थी। प्रियंका का पति लख्मी चंद ट्रक चालक है। वहीं आदर्श नगर थाने के एसएचओ हरिकिशन ने बताया कि यह मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा लग रहा है।

**कठुआ में मुठभेड़**

# 3 आतंकी ढेर, 3 जवान शहीद, डीएसपी घायल

एजेंसी ▶▶ कठुआ

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सुरक्षाबलों व आतंकियों के बीच कई घंटे मुठभेड़ चली। इसमें तीन आतंकियों को मार गिराया। वहीं मुठभेड़ में 3 जवान भी शहीद हुए हैं। डीएसपी धीरज सिंह समेत तीन सुरक्षाकर्मी घायल हैं। शहीद जवानों में तारीक अहमद, जसवंत सिंह और बलविन्दर सिंह शामिल हैं। वहीं, घायलों को जम्मू मेडकिल कॉलेज रेफर किया गया है। घायलों के पेट में गोली लगी हुई है। बताया जा रहा है कि यह मुठभेड़ जुठाना इलाके में हुई है। यहां 9 आतंकियों के छिपे होने की खबर थी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया। अभियान में एसओजी, सेना, बीएसएफ और सीआरपीएफ के जवान शामिल रहे। इन्होंने मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मार गिराया, जबकि डीएसपी समेत पांच जवान घायल हो गए थे। बाद में उपचार के दौरान तीन जवानों की मौत हो गई। आतंकियों को खोजने के लिए पैरा कमांडोज को उतारा गया है।

*बचने के लिए एक महिला और उसके पति को आतंकियों ने ढाल बनाया*

**ईडी की कार्रवाई**

# कांग्रेस नेता छोक्कर की 44 करोड़ की संपत्ति कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने गुरुग्राम में 1,500 घर खरीदारों के साथ 'धोखाधड़ी' से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत कांग्रेस के समालखा से पूर्व विधायक धर्म सिंह छोक्कर और उनके व्यवसायी बेटों की 44 करोड़ रुपये मूल्य की नयी संपत्ति कुर्क की है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी एक अनंतिम आदेश के तहत दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद और पानीपत में लगभग तीन एकड़ कृषि भूमि, 2,487 वर्ग मीटर वाणिज्यिक भूखंड और आठ आवासीय फ्लैट को कुर्क किया गया। इसी आदेश के तहत 96 लाख रुपये की सावधि और बैंक जमा राशि भी जब्त की गई है। कुल 44.55 करोड़ रुपये की ये संपत्तियां छोक्कर, बेटों विकास छोक्कर (जो फरार है) और सिकंदर छोकर (जो जमानत पर बाहर है) और उनकी कंपनी साईं आइना फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित हैं।

*गुरुग्राम में 1500 घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी का मामला*



ALLEN Results validated by
Official result validator
EY

# तैयारी से सफलता तक
# ALLEN आपके साथ




## ALLENites made history in 2024

**IITs**
**4425**
ALLENites out of 17692 seats in 2024

**AIIMS (MBBS)**
**660**
ALLENites out of 2207 seats in 2024


**GMCs**
**10000+**
ALLENites secured their seat in Govt. Medical College

**OLYMPIADS**
**150** out of 333
Selections in Indian National Olympiads (INO) 2025

**25 AIR#1** JEE & Pre-Medical in last 15 years from classroom

**ALLEN HARYANA CHAMPIONS in JEE Main 2025 (Sesion-1)**

Performance that is setting new records in 2025!




**35** Students Scored Overall **99** Percentile & Above

**65** Students Scored Overall **97** Percentile & Above

**93** Students Scored Overall **95** Percentile & Above

**135** Students Scored Overall **90** Percentile & Above

## Join the league of toppers

# ADMISSIONS OPEN

NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads | Class 6th to 12th & 12th Pass

**ASAT** के लिए रजिस्टर करें
और पाएं **90%** तक की स्कॉलरशिप*
30 MAR & 06 APR'25

For students moving from class 10th to 11th
### NURTURE COURSE
JEE (Main+Adv.) 2027 : **31 Mar.'25**
NEET (UG) 2027 : **31 Mar.'25**

For class 12th Pass students
### LEADER COURSE
JEE (Main+Adv.) 2026 : **17 Apr.'25**
NEET (UG) 2026 : **21 Apr.'25**

For class 6th to 10th students
### PRE-NURTURE & CAREER FOUNDATION
Class 8th & 9th: **7 Apr.'25** | Class 7th & 10th: **8 Apr.'25**
Class 6th: **11 Apr.'25** | Class 9th & 10th : **12 Apr.'25** (Weekend Batch)

For more test dates & course start dates visit: allen.ac.in/rohtak

CHARGE UP FOR YOUR SUCCESS IN NEET(UG) 2025
Join
### CRASH COURSE
Starting From **27 Mar.'25**
Admission Mode : Direct

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

**ALLEN ROHTAK CENTERS :**
**Campus-1 :** Kundu Plaza, Gali No. 2, Chhotu Ram Stadium, Sonipat Road, Rohtak, Haryana 89513 95601
**Campus-2 :** Plot No. 945, 2nd Floor, Prakash Tower, Opp. Devi Lal Park, Vinay Nagar, Rohtak, Haryana 97733 94097

**ALLEN Hisar :** 95138 63444 allen.ac.in/hisar
**ALLEN Chandigarh :** 89513 95508 allen.ac.in/chandigarh
**ALLEN Kota :** 0744-3556677 allen.ac.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.




# लखनऊ सुपर जायंट्स पांच विकेट से जीता

## पूरन के नाम इस सत्र का सबसे तेज अर्धशतक, मार्श ने 52 रन बनाए, शार्दूल ठाकुर को 4 विकेट



भाषा ▶▶| हैदराबाद

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने शार्दुल ठाकुर के चार विकेट के बाद निकोलस पूरन (70 रन) के इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के सबसे तेज अर्धशतक और उनकी मिचेल मार्श (52 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए खेली गई 116 रन की साझेदारी से बृहस्पतिवार को यहां टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को पांच विकेट से हराकर अपना खाता खोला। एलएसजी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और शार्दुल ने 34 रन देकर चार विकेट लेकर शानदार वापसी जारी रखी जिससे एसआरएच नौ विकेट पर 190 रन ही बना सकी। लखनऊ की टीम ने पूरन (छह चौके, छह छक्के) और मिचेल मार्श (सात चौके, दो छक्के) के अर्धशतकों से आक्रामक शुरूआत की। अंत में अब्दुल समद (आठ गेंद में नाबाद 22 रन) और डेविड मिलर (सात गेंद में नाबाद 13 रन) की नाबाद पारियों से टीम ने 16.1 ओवर में पांच विकेट पर 193 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। पूरन ने एडम जम्पा की गेंद पर छक्का लगाकर 18 गेंद में इस सत्र का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। वह आईपीएल में 20 से कम गेंद में चार बार अर्धशतक बनाकर सबसे ऊपर हैं। उनके बाद हेड और जेक फ्रेजर मैकगुर्क तीन बार ऐसा कर चुके हैं। आठ ओवर के बाद टीम का स्कोर एक विकेट पर 111 रन था और नौ ओवर में उसे जीत के लिए 72 रन बनाने थे। पर नौवें ओवर में पूरन की छह चौके और छह छक्के जड़ित शानदार पारी का अंत हुआ जब हैदराबाद के कप्तान रिव्यू के बाद वह पगबाधा आउट हुए।



### चेन्नई में जीत के 17 साल के इंतजार को खत्म करने उतरेगी आरसीबी

**चेन्नई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में जब चेन्नई सुपरकिंग्स से भिड़ेगा तो टीम की नजरें यहां जीत के 17 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए अपने अनुभवी बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। आरसीबी ने चेपक में सुपरकिंग्स को सिर्फ एक बार हराया है और वह भी 2008 में टूर्नामेंट के पहले सत्र में। आरसीबी की मौजूदा टीम में सिर्फ स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ही उस मैच का हिस्सा थे और अब वह दूसरी बार सुपरकिंग्स के किले को भेदना चाहेंगे। हालांकि आरसीबी की राह आसान नहीं होगी।

## अर्जेंटीना को मेसी के 2026 फीफा विश्व कप तक खेलने की उम्मीद



एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना यह साबित कर रहा है कि अगर स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी किसी भी कारण से 2026 विश्व कप में नहीं खेलने का फैसला करते हैं तो भी वह जीत सकता है। अर्जेंटीना ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है और अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या 37 वर्षीय मेसी अपने छठे टूर्नामेंट में खेलेंगे और लगातार दो विश्व कप जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कोलोनी ने कहा, 'हम देखेंगे कि क्या होता है, अभी बहुत समय है। हमें एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहिए, नहीं तो हम पूरे साल एक ही बात के बारे में बोलते रहेंगे। हमें उसे अकेला छोड़ देना चाहिए, हम देखेंगे। वह जब चाहे तब फैसला करेगा।' मंगलवार को विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के कुछ घंटों बाद अर्जेंटीना ने ब्राजील को विश्व कप क्वालीफाइंग में अब तक की सबसे बुरी 1-4 से शिकस्त दी। अर्जेंटीना ने कुछ दिन पहले उरुग्वे को 1-0 से हराया था। इन दोनों ही मैच में मेसी नहीं खेले थे। आठ बार के बेलोन डिओर विजेता मेसी जांघ की मांसपेशियों में चोट के कारण बाहर हैं।

## रीतिका पहले सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण की राह पर



**अम्मान।** ओलंपियन रीतिका हुड्डा ने एशियाई चैंपियनशिप के महिला 76 किग्रा वर्ग में दबदबा बनाते हुए बिना कोई अंक गंवाए गुरुवार को यहां फाइनल में जगह बनाई जबकि उनकी तीन अन्य हमवतन भारतीय पहलवान भी कांस्य पदक की दौड़ में हैं। रीतिका ने फाइनल में जगह बनाने के दौरान जापान की नोडोक यामामोतो और कोरिया की सियोयिओन जियोंग को हराया। रीतिका ने पहले जियोंग को तकनीकी दक्षता से हराया। भारतीय पहलवान ने टेक-डाउन मूव से अंक जुटाए और फिर विरोधी खिलाड़ी के पैर को पकड़कर दो और अंक जुटाए। रीतिका ने इसके बाद कोरियाई खिलाड़ी के पैर पकड़कर अंक जुटाए और मुकाबला अपने नाम किया। अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यामामोतो के खिलाफ रीतिका ने जियोंग के खिलाफ अपनाई रणनीति को दोहराया और दूसरे पीरियड में 6-0 के स्कोर पर विरोधी खिलाड़ी को चित्त करके जीत दर्ज की।

## ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए भारत को खर्च करने पड़ सकते हैं 64 हजार करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी को लेकर जोर आजमाइश लगा रहा है। पिछले साल अक्टूबर में भारतीय ओलंपिक संघ ने औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को एक आशय पत्र भेजा था, जिसमें 2036 में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की रुचि व्यक्त की थी। अब एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि इस बहुराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी में भारत को 34,700 करोड़ रुपए से 64,000 करोड़ रुपए के बीच खर्च आ सकता है। इस हफ्ते गांधीनगर में उच्च स्तरीय समन्वय समिति के साथ एक विचार विमर्श सत्र हुआ जहां 'समीक्षा बैठक- अहमदाबाद 2036 के लिए तैयारी' शीर्षक वाला दस्तावेज पेश किया गया। इसमें 2036 ओलंपिक की मेजबानी के भारत के संकल्प को दोहराया गया।

### इन देशों ने दिखाई रुचि

कतर और सऊदी अरब समेत 10 से ज्यादा देशों ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है। हालांकि यह अभी तक पता नहीं चल सका है कि कितने या किन अन्य देशों ने आधिकारिक तौर पर ऐसा किया है। आशय पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही भारत मेजबान चुनाव प्रक्रिया में अनौपचारिक वार्ता से सतत वार्ता चरण तक प्रगति कर चुका है।

### रिपोर्ट में हुआ खुलासा

एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह पता चला था है कि अनुमानित खर्च पिछले साल के पेरिस ओलंपिक (32,765 करोड़ रुपए) से ज्यादा होगा। रिपोर्ट में कहा गया है, अंतिम ब्लूप्रिंट में गुजरात के दो शहरों और चार अन्य शहरों - भोपाल, गोवा, मुंबई और पुणे में खेल करवाने के अनुमानित लागत का खुलासा किया गया है।

### 2026 तक आ सकता है फैसला

इस चरण में आईओसी संभावित मेजबान के रूप में खेलों से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति का अध्ययन करती है। प्रक्रिया का अगला चरण 'लक्षित संवाद' होगा, जिसके लिए एक संस्करण-विशिष्ट औपचारिक बोली प्रस्तुत की जाएगी। इसका मूल्यांकन भविष्य के मेजबान आयोग द्वारा किया जाएगा। यह प्रक्रिया अंततः एक मेजबान चुनाव के साथ समाप्त होगी। 2036 के मेजबान पर निर्णय 2026 से पहले आने की संभावना नहीं है।

मियामी ओपन टेनिस

## इयाला अंतिम-4 में, अब तक तीन ग्रैंडस्लैम चैंपियन को किया बाहर



एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

एलेक्सांद्रा इयाला ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एक और उलटफेर करते हुए महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दूसरी वरीय ईगा स्वियाटेक को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

बाएं हाथ की 19 साल की खिलाड़ी एलेक्सांद्रा ने स्वियाटेक को एक घंटे और 37 मिनट में 6-2, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिला पेशेवर टूर पर फिलिपीन्स का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र खिलाड़ी एलेक्सांद्रा को इस डब्लूटीए 1000 प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड मिला है और वह दुनिया की 140वें नंबर की खिलाड़ी हैं। सेमीफाइनल तक के अपने सफर के दौरान एलेक्सांद्रा ने अब तक तीन ग्रैंडस्लैम विजेताओं को हराया है। सेमीफाइनल में एलेक्सांद्रा की भिड़ंत अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगी जिन्होंने ब्रिटेन की गैरवरीय एम्मा राडुकानु को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 6-4, 6-7, 6-2 से हराकर चार साल में तीसरी बार मियामी ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### तीन घंटे में जीते चोटिल दिमित्रोव



पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में 14वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव ने पैर की जकड़न से जूझने के बावजूद 23वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को लगभग तीन घंटे में 6-7, 6-4, 7-6 से हराया। सेमीफाइनल में दिमित्रोव की भिड़ंत नोवाक जोकोविच और सबेस्टियन कोर्डा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी। इस बीच बारिश के कारण स्थगित पुरुष एकल के चौथे दौर के मैच में 17वें वरीय फ्रांस के आर्थर फिल्स ने शीर्ष वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया।



## चिंतन

# बाहर से आने वालों पर कठोर निगरानी जरूरी

अमेरिका समेत दुनिया भर में जब अवैध प्रवासी को लेकर चर्चा गर्म है और हर देश अपने यहां रह रहे अवैध नागरिकों को बाहर करने के लिए प्रयासरत है, तब भारत में प्रवासन नीति को लेकर विधेयक पर चर्चा ध्यान खींचती है। आजादी के बाद से भारत बाहर से आने वालों को लेकर अधिक सख्त नहीं रहा है। इसका कारण है कि भारत से अलग हुए पाकिस्तान, बांग्लादेश के अलावा पड़ोसी नेपाल, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, अफगानिस्तान से लोग भारत आकर रहते-बसते रहे हैं। भारत बाहरी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित मुल्क रहा है, लेकिन आज स्थिति बदल रही है। गलत नीयत से आने वाले प्रवासी, अवैध नागरिक भारत के लिए समस्या बनते जा रहे हैं। भारत के डेमोग्राफी में बदलाव की नीयत से, आतंकवाद, उपद्रव, अशांति फैलाने के उद्देश्य से लोग आने लगे हैं, जो भारत के लिए चिंता की बात है। गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' पर चर्चा के दौरान जवाब में दो टूक संदेश दिया है कि 'भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी जब चाहे यहां आकर रहे, अशांति के लिए आने वालों से सरकार कठोरता से निपटेगी।' देखा गया है कि देश में अवैध घुसपैठ करने वाले आतंकवाद, हिंसा, ड्रग्स तस्करी आदि में लिप्त रहे हैं, जो देश की शांति में खलल के कारण बन रहे हैं। भारत सरकार की प्रवासन नीति कठोरता और करुणा का मिश्रण है। नए विधेयक में प्रावधान है कि भारत में व्यापार, शिक्षा और शोध के लिए आने वालों का स्वागत होगा, लेकिन गलत उद्देश्य से और अशांति फैलाने के मंसूबे के साथ दाखिल होने वालों से कठोरता से निपटा जाएगा। शांति व सुरक्षा के लिए यह नीति जरूरी है। भारत में कौन आता है और कितने समय के लिए आता है, देश की सुरक्षा के लिए सरकार को यह जानने का अधिकार है। दुनिया के सभी देशों में बाहर से आने वालों के लिए कठोर नियम है। भारत भी इस दिशा में बढ़ रहा है, जो सकारात्मक है। भारत ने अभी तक शरणार्थी संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर नहीं किया है। इसके पीछे सरकार का तर्क है कि पांच हजार साल से प्रवासियों के बारे में भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग रहा है और देश को किसी शरणार्थी नीति की जरूरत नहीं है। भारत का शरणार्थियों के प्रति एक इतिहास रहा है। पारसी भारत में आए। इजराइल से यहूदी भारत में आ रहे हैं। कालक्रम में अनेक लोग बसने के लिहाज से आए। लेकिन अब स्थिति बदली हुई है, अशांति फैलाने वालों को रोकना जरूरी है। चूंकि, पूरी दुनिया के अर्थतंत्र की सूची में भारत एक 'ब्राइट स्पॉट' बनकर उभरा है, एक विनिर्माण केंद्र बनकर उभरा है और ऐसे में देश में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। भारत के विकास में योगदान करने के लिए आने वाले देश के लिए असेट होंगे, लेकिन अस्थिरता व अशांति फैलाने कोई आएंगे तो उनसे कठोरता से निपटना जरूरी है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए किस प्रकार सरकार के लिए संकट बने हैं यह किसी से छिपा नहीं है। भारत छह पड़ोसी देशों के प्रताड़ित लोगों को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के माध्यम से नागरिकता दे रहा है। भारत को एक सुरक्षित और नागरिक विनियमन राष्ट्र के तौर पर स्थापित करना जरूरी है। नागरिकता को लेकर भारत की सॉफ्ट पावर की छवि को बदल कर कठोर निगरानी के साथ नियम आधारित बनाना ही चाहिए। नागरिकता पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।



विश्लेषण

विवेक शुक्ला


# नशे के खिलाफ जंग लड़ता भारत

पिछले कई दशकों से ड्रग्स माफिया और उनके नेटवर्क के लोगों ने मणिपुर और म्यांमार के बीच नशे के कारोबार का एक गोल्डन ट्राएंगल बना रखा था, लेकिन जब से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस गोल्डन ट्राएंगल को डेथ ट्राएंगल में बदलने का ऐलान किया। ड्रग्स माफियाओं का खेल बिगड़ने लगा और कई एजेंटों को जान से हाथ धोना पड़ा। चूंकि पहले नॉर्थ ईस्ट के राज्यों से इन ड्रग्स कारोबारियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा था, इसलिए ये ड्रग्स माफिया चुपचाप काम करते रहे, लेकिन नरेन्द्र मोदी के 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने और नशे के सौदागरों के खिलाफ अमित शाह की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण अब यही ड्रग्स माफिया विद्रोह को हवा देने में जुट गए।

आमतौर पर सिर्फ पंजाब के लिए कहा जाता है कि नशे की लत के कारण पूरा राज्य बर्बादी की तरफ बढ़ रहा है। इस सूची में गोवा, मिजोरम, मेघालय और मणिपुर भी पीछे नहीं हैं। कहने वाले कहते हैं कि मणिपुर समस्या की सबसे गहरी जड़ नशे के कारोबार से जुड़ी है। पिछले कई दशकों से ड्रग्स माफिया और उनके नेटवर्क के लोगों ने मणिपुर और म्यांमार के बीच नशे के कारोबार का एक गोल्डन ट्राएंगल बना रखा था, लेकिन जब से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस गोल्डन ट्राएंगल को डेथ ट्राएंगल में बदलने का ऐलान किया।

ड्रग्स माफियाओं का खेल बिगड़ने लगा, और कई एजेंटों को जान से हाथ धोना पड़ा। चूंकि पहले नॉर्थ ईस्ट के राज्यों से इन ड्रग्स कारोबारियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा था, इसलिए ये ड्रग्स माफिया चुपचाप काम करते रहे, लेकिन नरेन्द्र मोदी के 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने और नशे के सौदागरों के खिलाफ अमित शाह की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण अब यही ड्रग्स माफिया विद्रोह को हवा देने में जुट गए। दरअसल अपराध की जो संगठित गिरोहबाजी है, उसमें सबसे बड़ी श्रृंखला नशे की कारोबारियों की है। किसी के पास यह निश्चित आंकड़ा नहीं है कि ड्रग्स सिंडिकेट का कारोबार कितना बड़ा है, लेकिन हर देश को यह अंदाजा जरूर है कि यह गैरकानूनी धंधा पूरे संसार में सबसे बड़ा है और हर देश इससे पीड़ित है और इसे खत्म करने के लिए जूझ भी रहा है। भारत दो प्रमुख ड्रग उत्पादक क्षेत्रों- गोल्डन क्रिसेंट (ईरान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान) और गोल्डन ट्रायंगल (थाईलैंड-लाओस-म्यांमार) के बीच स्थित है, जो इसे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के लिए संवेदनशील बनाता है। भारत दुनिया के सबसे बड़े अफ़ीम बाज़ारों में से एक है। नशे की लत इतनी ज्यादा खतरनाक है कि कई बार लोग इसके अति सेवन से और न मिलने पर आत्महत्या तक कर डालते हैं। नशे के कारण होने वाली मौतों की गंभीरता को समझते हुए केंद्र सरकार ने 1995 में ऐसी मौतों के आंकड़े को अलग करना शुरू किया था। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को 'मादक पदार्थ मुक्त' बनाना है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मानें तो केवल 2024 में भारत में 16,914 करोड़ के ड्रग्स पकड़े गए। कुछ देश ऐसे भी हैं जो इसको बढ़ावा भी दे रहे हैं, लेकिन संभवतः उनके यहां सिस्टम नाम की चीज नहीं है और इन पर एक तरह से अपराधियों का ही कब्जा है। दुनिया में पांच ऐसे बड़े देश हैं जहां नशे का कारोबार सबसे अधिक फैलता है। सबसे पहले नंबर पर ईरान है। उसके बाद अफगानिस्तान, फिर रूस, अमेरिका और ब्रिटेन भी। भारत कुछ चंद देशों में शामिल है, जो ड्रग्स सिंडिकेट के निशाने पर हमेशा रहा है। एक तो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और दूसरे भारत की सीमाएं चीन, भूटान, नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार के साथ लगी होने से ड्रग्स डीलरों के लिए सबसे बड़ी और अपेक्षाकृत आसान मंडी भारत बन गया था। उस पर भी पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ परोक्ष युद्ध में नशे की खेप को भी एक हथियार बना रखा है। गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट तो चौंकाने वाली है। दिसंबर 2024 में गृह मंत्रालय के हवाले से यह खबर छपी कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई न सिर्फ भारत में नशे की खेप भेज



रहा है, बल्कि भारत की जेलों में बंद अपने हैंडलरों को खास संदेश देने के लिए नशेड़ियों को भारत में घुसपैठ भी करा रहा है। आज भारत के कई ऐसे राज्य हैं, जहां नशे के सामान सबसे अधिक बेचे और इस्तेमाल किए जाते हैं। ड्रग माफियाओं से भारत ही नहीं, दुनिया के कई देश परेशान हैं। अमेरिका में सबसे अधिक ड्रग एडिक्ट लोग रहते हैं, पर संतोष की बात यह है कि अन्य बड़ी समस्याओं की तरह भारत ने भी नशे की बीमारी को गंभीरता से लिया है और मोदी सरकार ने नक्सल मुक्त भारत की तरह नशा मुक्त भारत का भी अभियान छेड़ रखा है। क्योंकि नशे का कारोबार केवल हमें आर्थिक क्षति नहीं दे रहा, बल्कि पीढ़ियों को बर्बाद कर रहा है। नशे में आदी लोग सामाजिक ताना-बाना को भी चोट पहुंचा रहे हैं। नशेड़ी मारपीट, चोरी, डकैती और कुछ हत्या तक के अपराधी हैं। केंद्र सरकार नशे की चपेट में आए लोगों के प्रति बेहद संजीदगी से पेश आ रही है।

मोदी सरकार की गंभीरता इसी से पता चलती है कि केंद्र सरकार अपने संसाधन से देश में 340 से अधिक नशा मुक्ति केंद्र चला रही है। न केवल नशे की खेप को आने से रोकने के लिए रणनीतिक साझेदारी के साथ राज्य सरकारों को विश्वास में लेकर चल रही है, बल्कि पीड़ितों के साथ भी मानवीय आधार पर नशामुक्ति का अभियान चला रही है। गृह मंत्रालय के साथ-साथ इस काम में मानव संसाधन मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और समाज कल्याण मंत्रालय के साथ साथ राज्य भी भागीदारी कर रहे हैं। नशीले पदार्थ की एक पुड़िया भी बरामद होने के बाद नीचे से ऊपर तक की श्रृंखला को खोद निकाला जा रहा है। नशे का कारोबार चूंकि एक संगठित अपराध है, इसलिए इसका मुकाबला भी संयुक्त प्रयास से ही किया जा सकता है। केंद्र और राज्यों का समन्वय और इससे लगने की इच्छा शक्ति बहुत जरूरी है। यह अच्छी बात है कि केंदीय गृह मंत्री अमित शाह इस मामले में बहुत गंभीर हैं। अभी हाल ही में अमित शाह ने संसद के जरिए देश को बताया है कि उनके मंत्रालय ने राज्यों के साथ मिलकर एक चार स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर मैकेनिज्म की स्थापना की है, ताकि संगठित अपराधियों के खिलाफ काम करने वाली केंद्र एवं राज्यों की एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल हो सके। सभी एजेंसियां एक ही दिशा में काम करें और रियल टाइम में सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके, इसके लिए एक वेब पोर्टल एनसीओआरडी लॉन्च किया गया है। इसी तरह से एक डेडिकेटेड एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स का भी गठन किया है। बीएसएफ और असम रायफल्स जैसे अर्धसैनिक बलों को एनडीपीएस कानून के तहत ड्रग्स सिंडिकेट के खिलाफ सर्च और सीजर का अधिकार दे दिया गया है। खुद नार्कोटिक्स कंट्रोल बोर्ड नेवी, कोस्ट गार्ड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर एंटी नारकोटिक्स ऑपरेशन कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में हमें बड़ी सफलताएं भी मिली हैं। 2014 से लेकर 2024 तक एक करोड़ किलो ड्रग्स को जब्त किया गया है, जिनकी अनुमानित कीमत डेढ़ लाख करोड़ रुपये है। अमित शाह के कार्यकाल में अभी तक 6 लाख 56 हजार ड्रग्स के केस दर्ज हो चुके हैं। यह रिकॉर्ड 2014 से पहले के मुकाबले कई गुना अधिक हैं। पर सच्चाई यह भी है कि ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं सका है। चोरी छुपे यह लोगों तक पहुंच ही जा रहे हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की संसद में कही इस बात को भी ध्यान में रखना जरूरी है कि नशे के खिलाफ लड़ाई अकेले केंद्र सरकार नहीं जीत सकती, समाज और राज्यों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। यह ठीक भी है कि नशे के खिलाफ अभियान घरों की चौखट से शुरू होनी चाहिए। नशे की समस्या से निपटने में बुनियादी ढांचे से लेकर प्रशिक्षित कर्मियों, विशेष उपकरणों, साइकोएक्टिव ड्रग्स व डार्क नेट-क्रिप्टो तक अनेक चुनौतियां भी हैं।

(लेखक पूर्व सूचना अधिकारी, यूएई एंबेसी हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

## दो टूक

डॉ. मोनिका शर्मा



# कोर्ट सोच समझकर यौन शोषण केस में टिप्पणी करें

बीते दिनों आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के विवादित आदेश से आमजन हैरान-परेशान तो हुए ही, इस टिप्पणी का मुखर विरोध भी हुआ। ज्ञात हो कि अपनी टिप्पणी में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा कहा गया था कि 'किसी लड़की के निजी अंग पकड़ लेना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ देना और जबरन उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश से रेप या 'अटेम्प्ट टु रेप' का मामला नहीं बनता।'


देश के हर हिस्से में बसे लोगों ने इस फैसले का ना केवल विरोध किया बल्कि इसे असंवेदनशील भी माना। हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दुष्कर्म संबंधी इस दृष्टिकोण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इस टिप्पणी पर रोक लगा दी है। ध्यातव्य है कि सुप्रीम अदालत ने उच्च न्यायालय द्वारा दिए आदेश में की गयी कुछ टिप्पणियों को पूरी तरह से 'असंवेदनशील' तथा 'अमानवीय दृष्टिकोण वाली' माना है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे 'बेहद गंभीर मामला' करार देते हुए कहा कि सामान्य परिस्थितियों में हम इस स्तर पर स्थगन देने में सुस्त हैं, लेकिन ये टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अलग हैं। इसलिए हम उक्त टिप्पणियों पर स्थगन देने के लिए इच्छुक हैं, जिनमें कहा गया था कि 'महज ... पकड़ना और पायजामे का नाड़ा ... बलात्कार के अपराध के दायरे में नहीं आता'। गौरतलब है कि पहले इसी मामले में फैसले के विवादित हिस्से को हटाने की मांग को लेकर दायर एक याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया था। ऐसे में पूरे देश में आक्रोश, चर्चा और चिंता का विषय बने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को लेकर उच्चतम न्यायालय का यह हस्तक्षेप जरूरी और विचारणीय है। देश में बाल शोषण और दुष्कर्म के आंकड़े सचमुच चिंतनीय हैं। यह मामला भी 11 वर्षीय नाबालिग लड़की से जुड़ा है। असल में बच्चों के शोषण से जुड़े मामलों को स्पष्टता से समझना मुश्किल होता है। अधिकतर मामलों में तो अपने ही बाल शोषण और दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम देते हैं। नाबालिग बच्चों के मामले में तो दुर्व्यवहार की सीमा और स्थिति का आकलन और मुश्किल हो जाता है।

यही वजह है कि बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी घटनाओं में पहले भी न केवल ऐसे निर्णय आए हैं बल्कि उच्चत्तम न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप भी किया गया है। 2021 में बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा भी यौन उत्पीड़न के एक आरोपी को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि किसी नाबालिग पीड़ित के निजी अंगों को स्किन टु स्किन संपर्क के बिना टटोलना पॉक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट) में अपराध नहीं मान सकते। ध्यातव्य है कि इस फैसले को सुप्रीम अदालत ने पलटते हुए कहा था कि किसी बच्चे के यौन अंगों को छूना या यौन इरादे से शारीरिक संपर्क से जुड़ा कोई भी कृत्य पॉक्सो एक्ट की धारा 7 के तहत यौन हमला माना जाएगा। इसमें महत्वपूर्ण इरादा है, न कि त्वचा से त्वचा का संपर्क। बीते साल मद्रास हाईकोर्ट ने भी एक मामले को यह कहते हुए निरस्त कर दिया था कि बच्चों की अश्लील वीडियो देखना पोस्को और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अपराध नहीं है। चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो पर मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को भी सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि बच्चों की अश्लील वीडियो को डाउनलोड करना, देखना और उसे अपने पास रखना अपराध है। असल में बच्चों के कामुक शोषण के मामलों में मंशा ही सबसे अहम है। वैचारिक मोर्चे पर नकारात्मकता की दस्तक ही व्यवहार की बर्बरता के रूप में सामने आती है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सामाजिक परिवेश से लेकर स्कूल और पारिवारिक माहौल तक, बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार की सोच रखने वाले करीबी अपने ही होते हैं। परिचितों- अपरिचितों की सोच की दिशाहीनता ही ऐसे वाकयों का कारण बनती हैं। इतना ही नहीं, अश्लील सामग्री देखना और अपने पास रखना भी कुत्सित सोच से ही जुड़ा है।

न केवल ऐसी सामग्री को देखकर बच्चों के साथ बर्बरता करने के मामले सामने आ चुके हैं बल्कि ऐसा कंटेन्ट बनाने के लिए भी बच्चों का शोषण किया जाता है। ऐसे में बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मामलों से जुड़ीं न्यायिक टिप्पणी महत्वपूर्ण होती हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट जैसे आदेश ना केवल नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों का दुस्साहस बढ़ाते हैं बल्कि इनके संदर्भ भावी घटनाओं से जुड़े निर्णय को भी प्रभावित करते हैं। नई पीढ़ी के लिए बढ़ती असुरक्षा और अविश्वास के परिवेश में न्यायिक निर्णयों में स्पष्टता और संवेदनशीलता आवश्यक है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ईश्वर की प्राप्ति



संकलित

**दर्शन**

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित

**प्रेरणा**

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है।

*- दिनेश यादव, कांकेर*

## करंट अफेयर

### शिशु मृत्यु दर रोकने में भारत की अहम भूमिका



विश्व निकाय ने 'आयुष्मान भारत' जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे 'अनुकरणीय' बताया। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि देश ने अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से लाखों लोगों का जीवन बचाया है। मंगलवार को जारी संयुक्त राष्ट्र के एक समूह की शिशु मृत्यु दर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना और बुरुंडी का उदाहरण दिया गया तथा शिशु मृत्यु दर रोकने में हुई प्रगति में अहम भूमिका निभाने वाली विभिन्न रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इन देशों ने दिखाया है कि 'राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य-आधारित रणनीतियों और निरंतर निवेश से मृत्यु दर में पर्याप्त कमी लाई जा सकती है। भारत के बारे में रिपोर्ट में कहा गया कि देश ने स्वास्थ्य प्रणाली में निवेश के माध्यम से स्थिति को बेहतर किया है। इसमें कहा गया कि 'अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से भारत पहले ही लाखों लोगों का जीवन बचा चुका है और लाखों अन्य लोगों के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया है।'

## ऑफ बीट

### गरीबी मस्तिष्क के विकास में बाधक



प्रारंभिक बचपन मस्तिष्क के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि है, जो अनुभूति और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। इस उम्र में मस्तिष्क का अच्छा स्वास्थ्य सीधे तौर पर बेहतर मानसिक स्वास्थ्य, अनुभूति और किशोरावस्था और वयस्कता में शैक्षिक उपलब्धि से जुड़ा होता है। यह तनाव के समय में उसे झेलने की क्षमता भी प्रदान कर सकता है। लेकिन, दुख की बात है कि गरीबी के कारण मस्तिष्क का विकास बाधित हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि प्रारंभिक बचपन गरीबी के माहौल में बिताना कम शैक्षिक उपलब्धि के लिए एक जोखिम कारक है। यह मस्तिष्क संरचना में अंतर, खराब अनुभूति, व्यवहार संबंधी समस्याओं और मानसिक स्वास्थ्य लक्षणों से भी जुड़ा है। इससे पता चलता है कि सभी बच्चों को जीवन में समान अवसर देना कितना महत्वपूर्ण है। लेकिन जब तक असमानता को कम करने और परिणामों में सुधार करने के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए जाते, साइकोलॉजिकल मेडिसिन में प्रकाशित हमारा नया अध्ययन, एक कम लागत वाली गतिविधि दिखाता है जो कम से कम मस्तिष्क पर गरीबी के कुछ नकारात्मक प्रभावों का प्रतिकार कर सकती है।

## ट्रेंड

### श्रद्धांजलि अर्पित



श्री श्री हरिचंद ठाकुर की जयंती पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जिन्होंने हाशिए पर पड़े समुदायों के कल्याण और सामाजिक असमानताओं के उन्मूलन के लिए काम किया। करुणा और एकता पर उनकी शिक्षाएँ आज भी हमारा मार्गदर्शन करती हैं।

-जे.पी. नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री


### सम्मान देने की प्रतिबद्धता



दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा और सम्मान देने की प्रतिबद्धता को साकार किया। 60-69 वर्ष की आयु के नागरिकों को 2,500 व 70+ आयु के नागरिकों को 3,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन देने का निर्णय लिया गया है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### नशे के ख़िलाफ़ युद्ध



पंजाब में हमारी सरकार ने नशे के ख़िलाफ़ ज़बरदस्त युद्ध छेड़ा हुआ है। अब अगले चरण में नशे के बड़े सप्लायर्स पर वार किया जाएगा। नशे का एक भी विक्रेता या सप्लायर बख़्शा नहीं जाएगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### डेटा एनालिटिक्स



प्लांट साइंटिस्ट डॉ. स्मिता हेज ने डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर कम बजट में मैंगलोर में पेड़ों का सफलतापूर्वक मानचित्रण किया। बेंगलुरु को इस तरह की परियोजना शुरू करनी चाहिए।

- किरण मजूमदार, उद्यमी

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# संसद ने वित्त विधेयक 2025 को दी मंजूरी, बजट प्रक्रिया हुई पूरी

संसद के निचले सदन लोकसभा ने 25 मार्च को पारित किया था विधेयक

# हमने आयकर की 12 लाख की सीमा तय करने की दिशा में कदम बढ़ाया : सीतारमण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा ने बृहस्पतिवार को वित्त विधेयक 2025 को चर्चा के बाद लोकसभा को लौटा दिया और इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक फरवरी से शुरू हुई बजट प्रक्रिया पूरी हो गई। उच्च सदन ने विनियोग विधेयक (3) को भी ध्वनिमत से लोकसभा को लौटा दिया। संसद के निचले सदन लोकसभा ने 25 मार्च को वित्त विधेयक और 21 मार्च को विनियोग विधेयक पारित किया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विधेयकों पर हुयी चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि वित्त मंत्रालय की प्रवृत्ति सावधानी बरतने और राजस्व को नुकसान नहीं होने देने की होती है। सीतारमण ने कहा, "...लेकिन, हम इस अवसर का उपयोग भारतीय करदाताओं के प्रति अपना सम्मान जताने के लिए करना चाहते हैं। हमने (आयकर के लिए) 12 लाख रुपये की सीमा तय करने की दिशा में कदम बढ़ाया है, उस सीमा तक किसी को कोई कर नहीं देना होगा।" केंद्रीय बजट 2025-26 में कुल 50.65 लाख करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान किया गया है, जो चालू वित्त वर्ष की तुलना में 7.4 प्रतिशत अधिक है। अगले वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित कुल पूंजीगत व्यय 11.22 लाख करोड़ रुपये और प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.48 लाख करोड़ रुपये है। इसमें 42.70 लाख करोड़ रुपये का सकल कर राजस्व संग्रह और 14.01 लाख करोड़ रुपये की सकल उधारी का प्रस्ताव है।

## ओम बिरला से मिले विपक्षी नेता, सदन में बोलने का मौका नहीं देने का मुद्दा उठाया



### लोकसभा अध्यक्ष ने राहुल को दी थी नसीहत

विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने बृहस्पतिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को "बोलने का मौका नहीं दिये जाने" को लेकर अपनी "सामूहिक चिंता" से उन्हें अवगत कराया। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राजद और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने बुधवार को सदन में बिरला द्वारा राहुल गांधी के संदर्भ में की गई टिप्पणी की पृष्ठभूमि में उनसे मुलाकात की और उन्हें एक पत्र भी सौंपा। लोकसभा अध्यक्ष ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से कहा था कि वह नियमों और सदन की मर्यादा के अनुरूप आचरण करें। इसके बाद, कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया था कि सदन को अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है और उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा। बिरला ने शून्यकाल के बाद कहा था, "कई पिता-पुत्री, मां-बेटी और पति-पत्नी इस सदन के सदस्य रहे हैं और इसी परिप्रेक्ष्य में नेता प्रतिपक्ष से अपेक्षा की जाती है कि वह सदन के नियमों और परंपराओं के अनुरूप आचरण करेंगे।" राहुल गांधी और कांग्रेस ने कहा कि बिरला ने बिना कोई वजह बताए यह टिप्पणी की।

### व्यय के बजट अनुमानों में कई कारणों से हुई वृद्धि

बजट दस्तावेजों के अनुसार, एक अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले वित्त वर्ष के लिए केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं के वास्ते 5,41,850.21 करोड़ निर्धारित किए गए हैं। व्यय के बजट अनुमानों में कई कारणों से वृद्धि हुई है, जिनमें बाजार ऋण, राजकोषीय बिल, बाहरी ऋण, लघु बचत और भविष्य निधि पर ब्याज के भुगतान में वृद्धि; पूंजीगत व्यय सहित सशस्त्र बलों की आवश्यकताएं और रोजगार सृजन योजना के लिए अधिक प्रावधान शामिल हैं। वित्त वर्ष 2026 के लिए राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के 4.8 प्रतिशत के मुकाबले 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### राणा सांगा पर टिप्पणी का मुद्दा लोकसभा में उठा

राजस्थान से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो सांसदों ने राणा सांगा को लेकर एक राज्यसभा सदस्य के बयान पर उठे विवाद का मुद्दा बृहस्पतिवार को लोकसभा में उठाया और ऐसे बयानों के खिलाफ 'कठोर' कार्रवाई की मांग की। राजसमंद से लोकसभा सदस्य महिमा कुमारी मेवाड़ और चित्तौड़ से सांसद सी पी जोशी ने निचले सदन में शून्यकाल में इस विषय को उठाया। महिमा कुमारी ने कहा कि पराक्रमी योद्धा राणा सांगा के बारे में राज्यसभा के एक सदस्य ने बहुत हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि राणा सांगा ने इब्राहिम लोदी को दो बार और बाबर को एक बार युद्ध में हराया था।

### भारतीयों को बेड़ियों में निर्वासित करने का मुद्दा उठा

लोकसभा में बृहस्पतिवार को कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने हाल में अमेरिका से भारतीयों को बेड़ियां पहनाकर निर्वासित किये जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार ने इस पर कोई कड़ा विरोध नहीं दर्ज कराया। सदन में 'आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक, 2025' पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुधाकर सिंह ने कहा कि यह विधेयक अमेरिका द्वारा भारतीय नागरिकों के साथ किये गए भेदभाव को सही ठहराता है। उन्होंने कहा कि सरकार अब ऐसा कानून बना रही है जो भारत में भी विदेशियों के साथ इसी तरह के व्यवहार की अनुमति देगा। उन्होंने कहा, "हाल में क्या हुआ, अमेरिका ने भारतीय छात्रों को जंजीरों में जकड़ कर भारत भेजा। उनके साथ अपराधियों की तरह बर्ताव किया गया। 20 से अधिक छात्रों को वापस भेजा गया, उन्हें 15 घंटे तक बेड़ियों में जकड़ कर रखा गया। लेकिन भारत सरकार ने न तो कोई ठोस कदम उठाया, ना ही कोई कड़ा विरोध दर्ज कराया।" राजद सांसद ने कहा कि विधेयक में एक प्रावधान सरकार को यह अधिकार देता है कि वह जिसे भी चाहे उसे इस कानून से छूट दे सकती है। उन्होंने सवाल किया, "यह छूट किसे मिलेगी? सत्ता से जुड़े लोगों को और अमीर निवेशकों को।

### एआई-आधारित उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध नहीं : जितेंद्र सिंह

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि किसी भी सरकारी विभाग में एआई-आधारित उपकरणों के उपयोग पर कोई विशेष प्रतिबंध नहीं है क्योंकि यह एक उभरती हुई तकनीक है जिसमें नागरिक-उन्मुख वेब अनुप्रयोगों में काफी संभावनाएं हैं। किसी भी डिजिटल तकनीक या प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय सार्वजनिक सूचना की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए उचित सावधानी बरतने की अपेक्षा की जाती है।

## किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही उपजः शिवराज

नई दिल्ली (ब्यूरो.)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कहा है कि किसानों से उनकी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने मीडिया से कहा कि



दलहन में आत्मनिर्भरता हमारा संकल्प है और इस तारतम्य में प्रमुख तुअर उत्पादक राज्यों में तुअर की खरीद की जा रही है जिसमें तेजी आई है। दालों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने, किसानों को प्रोत्साहित करने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने खरीद वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के उत्पादन के 100% मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत तुअर, उड़द और मसूर की खरीद को मंजूरी दी है। चौहान ने बताया कि कि देश में दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 2028-29 तक अगले चार वर्षों के लिए राज्य के उत्पादन का 100 प्रतिशत तुअर (अरहर), उड़द और मसूर की खरीद की जाएगी।

## मोदी 30 को नागपुर का दौरा करेंगे, हेडगेवार के स्मारक जाएंगे

नागपुर (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को अपने नागपुर दौरे पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार के स्मारक जाएंगे और माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर के विस्तार भवन की आधारशिला रखेंगे। हेडगेवार और आरएसएस के द्वितीय सरसंघचालक एम. एस. गोलवलकर के स्मारक नागपुर के रेशिमबाग क्षेत्र में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर में स्थित हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। बावनकुले ने बताया, "प्रधानमंत्री मोदी पूर्वाह्न 9.30 बजे यहां पहुंचेंगे।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 120 दिनांक 25.03.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सांपला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान बारे –**

नाम अमित उर्फ पटवारी
पिता/पति- पुत्र राजबीर
पता - निवासी ईस्माईला 11 बी रोहतक
उम्र- 26 वर्ष
कद- 5 फुट 7 इंच ।
हुलिया. - रंग सांवला, गोल चेहरा, हृष्ट पुष्ट शरीर । पहनावा नीले रंग की जींस की पैंट, कोका कोला रंग की शर्ट व पैरों में चप्पल पहने हुए।

दिनांक 25.03.25 को अमित उर्फ पटवारी पुत्र राजबीर निवासी ईस्माईला 11 बी रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9466232567

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 49 दिनांक 25.03.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सिविल लाईन रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान बारे**

नाम - निशा
पिता/पति- पुत्री जयपाल
पता- निवासी गांव गिझी जिला रोहतक
उम्र- 21 वर्ष
कद- 5 फुट 3 इंच ।
हुलिया. रंग सांवला, पतला फुर्तीला शरीर, लम्बूतरा चेहरा, शिक्षा 10 वीं पास ।
पहनावा पीले रंग का सूट सलवार व पैरों में बाथरुम चप्प्ल पहने हुए।

दिनांक 25.03.25 को निशा पुत्री जयपाल निवासी गांव गिझी जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक- 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना थाना सिविल लाईन रोहतक- 7015911371

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 73 दिनांक 25.03.25 धारा 127(6) BNS 2023 थाना अर्बन एस्टेट रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान बारे**

नाम - सचिन
पिता/पति- पुत्र देवेन्द्र
पता - निवासी द्वारका कालोनी गोहाना सोनीपत
उम्र - 21 वर्ष
कद- 6 फुट ।
हुलिया. रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर, हाथ में कडा पहने हुए।
पहनावा – दाहिने पैर में काला धागा बांधे हुए, पैंट शर्ट पहने हुए ।

दिनांक 25.03.25 को सचिन पुत्र देवेन्द्र निवासी द्वारका कालोनी गोहाना सोनीपत बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 7082999122
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 9991416768


## खबर संक्षेप

### दिल्ली में 1 लाख छात्रों को मिलेगी फ्री कोचिंग



**नई दिल्ली।** अब दिल्ली के छात्र नीट और सीयूईटी की फ्री में कोचिंग कर सकेंगे। इसकी तैयारी के लिए 180 घंटे की ऑनलाइन कोचिंग मिलेगी। बजट में घोषणा के लिए दिल्ली सरकार ने कदम उठाया है। सीएम रेखा गुप्ता, शिक्षा मंत्री आशीष सूद की मौजूदगी में कोचिंग के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। 63 हजार छात्रों को लाभ मिलेगा।

### 20-30 सीटें और मिलती तो हम सरकार बनाते



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के जिला अध्यक्षों से रणनीति के साथ एकजुट होकर चुनाव जीतने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा मजबूत है, लेकिन सत्ता के बिना लागू नहीं किया जा सकता। कांग्रेस को 20-30 सीटें और मिल जातीं, तो एक वैकल्पिक सरकार बन सकती थी। उन्होंने कहा कि हमें मेहनत करने की जरूरत है।

# ओडिशा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस की झड़प, लाठियां बरसाईं, वाटर कैनन चलाईं

## पार्टी के सभी विधायकों के निलंबन पर प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा विधानसभा का घेराव करने पहुंचे कांग्रेस नेताओं पर गुरुवार को पुलिस ने लाठियां बरसाईं और वाटर कैनन चलाईं। दर्जनों कार्यकर्ता घायल हो गए। कांग्रेस 14 विधायक के निलंबन का विरोध कर रही थी। दरअसल 25 मार्च को कांग्रेस के 12 विधायक निलंबित कर दिए गए थे। इसके बावजूद विधायक प्रदर्शन करते रहे और पूरी रात सदन में बिताई। विधानसभा के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते रहे। अगले दिन यानी 26 मार्च को कांग्रेस कार्यकर्ता और निलंबित विधायक विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करते रहे। वे विधानसभा की बढ़े तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद जमकर धक्का-मुक्की हुई। सदन के भीतर कांग्रेस के बचे हुए दो विधायकों तारा प्रसाद बाहिनीपति और रमेश जेना ने इस मुद्दे पर प्रदर्शन किया।

26 मार्च को विधानसभा के बाहर सोए विधायक



### नारे लिखी तख्तियों के साथ वेल में किया प्रदर्शन

कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी की और नारे लिखी तख्तियां लेकर वेल में प्रदर्शन किया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने अनुशासनहीनता और सदन की गरिमा भंग करने के आरोप में सात दिन के लिए निलंबित कर दिया।

### पुलिस की 80 प्लाटून तैनात

भुवनेश्वर के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस जगमोहन मीना ने बताया- विधानसभा की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर पुलिस की 80 प्लाटून तैनात की गई हैं। इनमें 10 प्लाटून महिला कर्मियों की हैं। ओडिशा स्विफ्ट एक्शन फोर्स की भी तैनाती की जा रही है। इसका इस्तेमाल दंगों से निपटने के लिए किया जाता है। कांग्रेस विधायक भाजपा सरकार के आठ महीनों के दौरान महिलाओं के खिलाफ हुए अपराधों की जांच के लिए कमेटी बनाने की मांग कर रहे थे।

## राणा सांगा ने ही बाबर को बुलाया था, माफी नहीं मांगूंगा : रामजी लाल

**नई दिल्ली।** अपने घर पर हमले के बाद समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने गुरुवार को एक बार फिर दोहराया कि मैंने राणा सांगा को



लेकर कोई गलत बयान नहीं दिया था। सुमन ने कहा कि राणा सांगा ने ही बाबर को इब्राहिम लोदी को हराने के लिए हिंदुस्तान बुलाया था। सुमन ने यह भी कहा कि बयान देने का मतलब किसी की भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था। कहा कि मैं सामाजिक सद्भावना का व्यक्ति हूं। इसी आधार पर राजनीति की है और आगे भी करूंगा।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 32 दिनांक 26.02.25 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सिविल लाईन रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान बारे**

नाम अजीला
पिता/पति- पुत्री किरण
पता - निवासी बेगपुरा सेमपुर छतीसगढ
उम्र - 24 वर्ष
कद- 5 फुट 2 इंच ।
हुलिया. - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा।
पहनावा - सूट सलवार पहने हुए।

दिनांक 26.02.25 को अजीला पुत्री किरण निवासी बेगपुरा सेमपुर छतीसगढ गांव टिटौली जिला रोहतक से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक- 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक 9813295713


स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा निर्देश

# मेडिकल ऑक्सीजन की सही देखभाल और उपयोग अहम



■ स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला ने यह बात कही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने मेडिकल ऑक्सीजन प्रबंधन को लेकर राष्ट्रीय दिशानिर्देश जारी किए हैं। यह दिशानिर्देश मंगलवार को एम्स, दिल्ली में एक कार्यशाला के दौरान पेश किए गए। इसमें राष्ट्रीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम की भी शुरुआत हुई, जिसका संचालन एम्स का प्रशासन विभाग करेगा। स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि मेडिकल ऑक्सीजन की सही देखभाल और उपयोग बहुत अहम है। उन्होंने आपातकालीन हालात में ऑक्सीजन की मांग को तुरंत पूरा करने उचित तैयारी की जरूरत पर जोर दिया। भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान जो अनुभव हासिल किए हैं।

कॉमेडियन कामरा पर भड़के महाराष्ट्र सरकार के मंत्री

# अब कुणाल को प्रसाद देने का वक्त आ गया और पानी सिर के ऊपर चला गया

## मंत्री शंभूराज देसाई बोले- आपत्तिजनक शब्दों पर मिले सज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के कॉमेडी वीडियो को लेकर महाराष्ट्र में बवाल मचा हुआ है। इसे लेकर मुख्यमंत्री व मंत्री के बयान सामने आ रहे हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कामरा पर कार्रवाई की बात कही तो अब शिंदे गुट के मंत्री शंभूराज देसाई ने कैमरे पर ही कुणाल कामरा को पीटने की बात कह दी है। बीते दिनों कामरा ने निर्मला सीतारमण पर भी एक कॉमेडी वीडियो बनाई थी, जिस वीडियो को देखकर देसाई भड़क उठे हैं और कहा कि कामरा ने मर्यादा लांघ दी है। पानी सिर से ऊपर चला गया है। अब उसे प्रसाद(पीटने) देने का समय आ गया है।



### वह जान-बूझकर हर दिन नया वीडियो जारी कर रहा

कामरा जानबूझकर बार-बार लगातार ऐसी हरकतें कर रहा है। कामरा ने शिंदे, प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट और अब निर्मला सीतारमण के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। अब कामरा को शिवसेना स्टाइल में शिवसैनिकों का प्रसाद देने का समय आ गया है। शिंदे पर कामरा द्वारा की गई टिप्पणी पर शिवसेना के कार्यकर्ता काफी गुस्सा में हैं। हर रोज कोई न कोई विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। कुणाल मान नहीं रहा है। अब वह जान-बूझकर हर दिन नया वीडियो जारी कर रहा है।

## डिजिटल मीडिया ने बीते साल टीवी को पीछे छोड़ा, कुल राजस्व में 32 प्रतिशत का योगदानः रिपोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश में डिजिटल मीडिया ने बीते वर्ष टेलीविजन को पीछे छोड़ दिया और मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में सबसे बड़ा खंड बन गया। इसका क्षेत्र के कुल राजस्व में 32 प्रतिशत का योगदान है। उद्योग मंडल फिक्की-ईवाई की रिपोर्ट में यह कहा गया है। इतना ही नहीं, डिजिटल मीडिया के 2026 में विज्ञापन राजस्व में 1,000 अरब रुपये को पार करने वाला मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में पहला खंड होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र अगले तीन साल में सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ तीन लाख करोड़ रुपये को पार कर सकता है। भारतीय मीडिया एवं मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र 2024 में 2.5 लाख करोड़ रुपये (29.4 अरब डॉलर) के कुल मूल्यांकन पर पहुंच गया और 2024 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 0.73 प्रतिशत का योगदान दिया। रिपोर्ट के अनुसार, "आने वाले समय को देखा जाए, तो भारतीय मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र के 2025 में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,700 अरब रुपये (31.6 अरब डॉलर) तक पहुंचने की संभावना है। वहीं 2027 तक सात प्रतिशत की संचयी सालाना वृद्धि दर से बढ़कर 3,100 अरब रुपये (36.1 अरब डॉलर) तक पहुंचने की उम्मीद है।" रिपोर्ट के अनुसार, "यह वृद्धि अनूठे व्यावसायिक मॉडल, रणनीतिक गठबंधन और उद्योग एकीकरण के जरिये होगी।" बीते वर्ष 2024 में, देश के मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में 8,100 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। यह 3.3 प्रतिशत की वृद्धि है।

■ उद्योग मंडल फिक्की–ईवाई की रिपोर्ट में किया दावा, 2026 में 1000 अरब के पार होगा

## सोना तस्करी मामला : कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की जमानत याचिका खारिज

**बेंगलुरु (भाषा)।** बेंगलुरु की एक सत्र अदालत ने सोना तस्करी मामले में कन्नड़ अभिनेत्री हर्षवर्धिनी रान्या उर्फ रान्या राव की जमानत याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष के अनुसार रान्या ने सोने की खरीद के लिए हवाला के चैनल का इस्तेमाल करने की बात स्वीकार की है। जवाब में, प्राधिकारियों ने न्यायिक जांच शुरू करने के लिए नोटिस जारी किया है और उनका मानना है कि इससे आगे और अधिक वित्तीय अनियमितताएं उजागर होंगी। इस मामले में अभिनेत्री के सहयोगी तरुण राज भी शामिल हैं, जिन्हें दूसरा आरोपी बनाया गया है। अधिकारियों का दावा है कि रान्या ने तस्करी का सोना साहिल जैन नाम के व्यापारी को सौंपा है, जिसे बुधवार को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने गिरफ्तार कर लिया। इस तरह इस मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या तीन हो गई है।



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (लगभ) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 10 अदद सब स्टेशनों (अर्थात सांपला, छारा, रोहद, हसनगढ़, भालोट, कंसाला, लाढ़ौत, सांघी, जिन्दरान और इस्माईला)/कार्यालयों (ओपी सब डिवीजन जसिया और सब कार्यालय छारा कार्यालय कार्यकारी अभियंता (ओपी) एसयू डिवीजन नं. 2, रोहतक, पर पूर्णतया बकाया आधार पर स्वीपिंग और क्लीनिंग हेतु सांपला में स्थित का एकमुश्त अनुबंध)। | बंद होने की तिथि 07.04.2025 | 30000.00/- ईएमडी 590.00/- बोली मूल्य | www.uhbvn.org.in NITNO.2SU2Rohtak/2025- 2026 dated 07.04.2025 | 8607878766 xenopuhbvnsu2rohtak@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | एक अदद महिन्द्रा बोलेरो जीप अथवा समकक्ष वाहन (रोहतक) की आपूर्ति हेतु। | बंद होने की तिथि 09.04.2025 | 6000.00 ईएमडी 590.00 बोली मूल्य | www.uhbvn.org.in NITNo-3/SU-2,RTK/2025-26 dated:09.04.2025 | 8607878766 xenopuhbvnsu2rohtak@uhbvn.org.in |
| 3 | यूएचबीवीएन | एक अदद महिन्द्रा बोलेरो कैम्पर अथवा समकक्ष वाहन की आपूर्ति हेतु। | बंद होने की तिथि 15.04.2025 | 6000.00 ईएमडी 590.00 बोली मूल्य | www.uhbvn.org.in NITNo-4/SU-2,RTK/2025-26 dated:15.04.2025 | 8607878766 xenopuhbvnsu2rohtak@uhbvn.org.in |
| 4 | यूएचबीवीएन | एसडीओ सब डिवीजन, यूएचबीवीएन, पाई हेतु कार्यालय के उपयोग हेतु भवन को किराये पर लेने के लिए जिसका कार्पेट एरिया 2500 वर्गफुट हो (लगभग) और जिसमें सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे पानी, बिजली, शौचालय इत्यादि हो और सभी प्रकार के ऋणों से मुक्त हो अधिमानतः मुख्य पुण्डरी राजौंद रोड निकट 132 केवीए सब स्टेशन पाई पर स्थित हो। इच्छुक भूस्वामी अथवा मैनेजिंग पार्टनर (पार्टनरशिप के मामले में) अथवा उनके प्राधिकृत एजेंट के माध्यम से अपनी कुटेशन, जिसमें प्रति वर्गफुट न्यूनतम किराया उद्धरित हो 03.04.2025 को अप. 2.00 बजे से पूर्व भेज सकते हैं (पुण्डरी)। | बंद होने की तिथि 03.04.2025 | ईएमडी रु. 6000/- | www.uhbvn.org.in NITNo.223/2025-26 dated 26.03.2025 | 9729408790 xenoppundri@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/100/33367/I/88/6 दि. 27.03.25

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**डी.डी न. 11 दिनांक 26.03.25 धारा 194 BNSS थाना पी जी आई एम एस जिला रोहतक ।**



**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**

नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम नामालूम
पता- नामालूम।
उम्र लगभग 70 वर्ष
हुलिया- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, सफेद काली दाढी, लम्बे काले बाल ।
पहनावा काले रंग की पैंट, रंग बिरंगी शर्ट व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 26.01.25 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति को गनमैन सोमबीर व जन सेवा दल स्टाफ द्वारा पी जी आई रोहतक में दाखिल करवाया गया था। जिसको डाक्टर साहब द्वारा डैड घोषित कर दिया गया। जिसके परिजनो का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना पी जी आई एम एस रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना पी जी आई एम एस रोहतक 7082999121, 01262-282327
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100

पीआरडीएच-1084/11/3224/2025/33378/88/6 दि. 27.03.2025


## खबर संक्षेप

### चिली के राष्ट्रपति बोरिक फॉन्ट आएंगे भारत



**नई दिल्ली।** चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट पीएम मोदी के निमंत्रण पर 1-5 अप्रैल तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह ऐलान किया। बोरिक के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें मंत्री, संसद सदस्य, वरिष्ठ अधिकारी, व्यापार संघ, मीडिया और भारत-चिली सांस्कृतिक संबंधों से जुड़े प्रमुख चिलीवासी शामिल होंगे। राष्ट्रपति के रूप में यह बोरिक की पहली भारत यात्रा होगी। वह 5 अप्रैल को चिली लौटने से पहले आगरा, मुंबई और बेंगलुरु भी जाएंगे।

### सम्मान में दिखाई जाएगी 'द डिप्लोमैट' फिल्म



**तेल अवीव।** इजराइल में भारत के नए राजदूत जेपी सिंह के स्वागत में वहां के विदेश मंत्रालय की तरफ से फिल्म 'द डिप्लोमैट' दिखाई जाएगी। ये फिल्म एक वास्तविक घटना पर आधारित है। फिल्म जेपी सिंह पर ही बनी है। यह पहल इजराइल में भारत के नए राजदूत का गर्मजोशी से स्वागत करने और दोनों देशों के बीच 'मजबूत रिश्ते' बनाने के लिए है। इजराइली विदेश मंत्रालय के सांस्कृतिक प्रभाग के प्रमुख नूरित तिनारी ने बताया कि यह फिल्म भारतीय कूटनीति की ताकत का जश्न मनाती है। फिल्म की स्क्रीनिंग एक ऐतिहासिक घटना होगी।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 11 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार



**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने गुरुवार को विशेष अभियान के तहत उत्तरी क्षेत्र में डेल्फ्ट द्वीप के समीप 11 भारतीय मछुआरों को कथित रूप से अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया और उनकी ट्रॉलर को जब्त कर लिया। गिरफ्तार किए गए मछुआरों को कांकासनथुराई बंदरगाह लाया गया है, जहां उन्हें आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए मैलाडी के मत्स्य निरीक्षक को सौंपा जाएगा।

---

## पीएम मोदी के 'स्वस्थ भारत मिशन' का विश्व में बजा डंका

# यूएन ने आयुष्मान योजना और शिशु मृत्यु दर में कमी को बताया अनुकरणीय, राजनीतिक इच्छाशक्ति व निवेश से मिली सफलता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत मिशन' के तहत देश भर में चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से देश में व्यापक पैमाने पर बदलाव आया है। पूरी दुनिया इस योजना का लोहा मान रही है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने भारत में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की तारीफ की है। इतना ही नहीं यूएन ने पीएम मोदी की आयुष्मान भारत योजना को भी शानदार बताया है। एक कार्यक्रम के दौरान यूएन ने 'आयुष्मान भारत' जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे 'अनुकरणीय' बताया। यूएन ने कहा कि देश ने अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से लाखों लोगों का जीवन बचाया है। मंगलवार को जारी संयुक्त राष्ट्र के एक समूह की शिशु मृत्यु दर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना और बुरुंडी का उदाहरण दिया गया तथा शिशु मृत्यु दर रोकने में हुई प्रगति में अहम भूमिका निभाने वाली विभिन्न रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इन देशों ने दिखाया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य-आधारित रणनीतियों और निरंतर निवेश से मृत्यु दर में पर्याप्त कमी लाई जा सकती है।

*भारत के बारे में रिपोर्ट में कहा गया कि देश ने स्वास्थ्य प्रणाली में निवेश के माध्यम से स्थिति को बेहतर किया है। अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से भारत में लाखों लोगों का जीवन बचा चुका है और लाखों लोगों के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया है*

- भारत की आयुष्मान को बताया दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना
- भारत ने स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश से लोगों का जीवन बचाया




**शिशुओं की मृत्यू में 61 फीसदी की आई कमी**

*भारत के बारे में रिपोर्ट में कहा गया कि देश ने स्वास्थ्य प्रणाली में निवेश के माध्यम से स्थिति को बेहतर किया है। इसमें कहा गया कि अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से भारत पहले ही लाखों लोगों का जीवन बचा चुका है और लाखों अन्य लोगों के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। प्रकाश डाला गया कि वर्ष 2000 से भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 70 प्रतिशत की कमी तथा नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में 61 प्रतिशत की कमी हासिल की है।*

### अफगानिस्तान में घोर अन्याय, लड़कियां शिक्षा से वंचित



*यूनाइटेड नेशन वूमेन ने कहा कि अफगान लड़कियों को शिक्षा से वंचित करना बड़ा अन्याय है। इसका असर आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा। यूएन वूमेन ने ने अफगानिस्तान में लड़कियों के बुनियादी अधिकारों की रक्षा करने की अपील की। यूएन वूमेन की कार्यकारी निदेशक सिमा बहौस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि अफगानिस्तान में नए स्कूल वर्ष की शुरुआत के साथ ही हजारों लड़कियों के लिए स्कूल के दरवाजे बंद हैं – यह तीसरा साल है। उनके शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन पीढ़ियों तक असर करेगा। लड़कियों को स्कूल वापस जाना चाहिए और उनके बुनियादी अधिकारों को बिना किसी देरी के बहाल किया जाना चाहिए। इस हफ्ते की शुरुआत में बहौस ने चेतावनी दी थी कि अगर लड़कियों को शिक्षा से वंचित रखा गया, तो अफगानिस्तान में इसके नकारात्मक प्रभाव कई पीढ़ियों तक महसूस होंगे।*

### भारत से सीखें दूसरे देश

संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में भारत में स्वास्थ्य के दिशा में उठाए जा रहे कदमों से दूसरे देशों को सीखने की जरूरत पर बल दिया है। इसमें कहा गया कि स्वास्थ्य कवरेज बढ़ाने, मौजूदा स्थिति को सुधारने और स्वास्थ्य अवसंरचना तथा मानव संसाधन विकसित करने के लिए किए गए उपायों के कारण ऐसा संभव हुआ है। इसमें आयुष्मान भारत का उदाहरण दिया गया है। आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो प्रति वर्ष प्रति परिवार को लगभग 5,500 अमेरिकी डॉलर की वार्षिक कवरेज प्रदान करती है।

---

### यूक्रेन युद्ध के बाद यह पहली बार

## रूसी मंत्री बोले- पुतिन जल्द भारत जाएंगे, तैयारियां शुरु



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ मास्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत आएंगे। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी का भारत आने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुतिन के भारत दौरे की तैयारियां चल रही हैं। हालांकि, पुतिन की यात्रा की तारीख का खुलासा नहीं किया गया। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बार होगा, जब रूसी राष्ट्रपति भारत आएंगे। रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद (आरआईएसी) द्वारा 'रूस और भारत एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन में रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।

#### पीएम मोदी ने दिया था निमंत्रण

*बता दें कि पीएम मोदी ने जुलाई 2024 में रूस की यात्रा की थी, जो लगभग पांच वर्षों में उनकी पहली यात्रा थी। इससे पहले, उन्होंने 2019 में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए सुदूर पूर्वी शहर व्लादिवोस्तोक का दौरा किया था। अपनी 2024 की यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने पुतिन को भारत आने का निमंत्रण दिया था। 24 मार्च को, लावरोव ने कहा कि रूस भारत के साथ 'विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' विकसित कर रहा है। उन्होंने एक कार्यक्रम में बताया कि रूस चीन, भारत, ईरान, उत्तर कोरिया और स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल (सीआईएस) देशों के साथ अपने संबंधों को बढ़ा रहा है।*

### सीमा विवाद के समाधान, स्थिर सैन्य संबंध के लिए भारतीय समकक्ष के साथ सहयोग को इच्छुकः पीएलए

**बीजिंग।** चीन की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारतीय सेना के साथ दृढ़ और स्थिर रक्षा संबंधों के साथ-साथ सीमा मुद्दे का निष्पक्ष व न्यायसंगत समाधान लागू करने के लिए काम करने को तैयार है। चीन के राष्ट्रीय रक्षा प्रवक्ता सीनियर कर्नल वू कियान ने यहां प्रेस वार्ता में पूर्वी लद्दाख से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से सैनिकों की वापसी और अनुवर्ती प्रक्रिया के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। चीन की सेना सीमा मुद्दे पर निष्पक्ष और न्यायपूर्ण समाधान लागू करने के लिए अपने भारतीय समकक्षों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है।

---

### रूस के मिसाइल लॉन्च से यूरोप सहमा, दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध की आशंका

# रूसी हमले के बाद 45 करोड़ आबादी तनाव में 27 देशों में लोगों को 'तैयार' रहने की चेतावनी

एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

क्रेमलिन ने जापान सागर में अपने उफा अटैक सब से क्रूज मिसाइलें भी दागीं। रूसी सरकारी मीडिया ने दावा किया कि मिसाइलों ने खाबरोवस्क क्षेत्र में 620 मील दूर एक भूमि लक्ष्य के साथ-साथ एक नौसैनिक लक्ष्य को भी निशाना बनाया। इस घटना के बाद यूरोपीय संघ ने कथित तौर पर अपने सदस्य देशों की 45 करोड़ लोगों को विश्व युद्ध जैसी स्थिति के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय संघ ने पूरे महाद्वीप के नागरिकों को कम से कम 72 घंटों के लिए भोजन, पानी और अन्य आवश्यक वस्तुओं को स्टोर करने का आग्रह किया है।

नाटो के महासचिव मार्क रूट ने चेतावनी दी कि रूस 2030 तक यूरोप में एक और हमला करने में सक्षम हो सकता है। उनकी चेतावनी के बाद यूरोपीय देशों में हड़कंप मचा हुआ है। इस चेतावनी के बाद अधिकतर नाटो देश युद्ध के लिए अग्रिम तैयारियां कर रहे हैं, जिनमें फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड जैसे देश भी शामिल हैं। दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने मास्को पर 'हेरफेर और धमकी' का आरोप लगाया और कहा कि हम उन पर विश्वास नहीं करते। दुनिया वास्तव में रूस पर विश्वास नहीं करती। दुर्भाग्य से, अब भी, बुधवार को वार्ता के दिन ही, हम देखते हैं कि रूसियों ने पहले से ही हेरफेर करना शुरू कर दिया है।

*यूरोप में तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से हाहाकार मचा हुआ है। यूरोपीय यूनियन और नाटो ने सदस्य देशों को अलर्ट रहने को कहा है। इतना ही नहीं, कई देशों ने तो अपने नागरिकों से जरूरी सामानों को स्टोर करने और युद्ध के लिए तैयार रहने का अल्टीमेटम दिया है।*



#### जेलेंस्की बोले- जल्द पुतिन की मौत होगी



**पेरिस।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बिगड़ते स्वास्थ्य की खबरों के बीच यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि जल्द ही पुतिन की मौत हो जाएगी और फिर सब कुछ (यूक्रेन जंग) खत्म हो जाएगा। यह एक फैक्ट है। जेलेंस्की ने 26 मार्च को पेरिस में यूरोपीय पत्रकारों के साथ एक इंटरव्यू के दौरान यह बयान दिया।

### जटिल भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच आगे बढ़ रहे हैं भारत, रूस : जयशंकर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि आज के तेजी से बदलते दौर में भारत और रूस एक जटिल भू-राजनीतिक परिदृश्य से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहुध्रुवीय व्यवस्था के युग में दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता है। रूस और भारत एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच खास और विशेष रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ बनाना विदेश नीति की एक साझा प्राथमिकता बनी हुई है। सम्मेलन का आयोजन रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद (आरआईएसी) और मॉस्को में स्थित भारतीय दूतावास ने किया है। जयशंकर ने कहा कि भारत, रूस के साथ अपने संबंधों को बेहद महत्व देता है और दोनों देश इस गहरी मित्रता को प्रगाढ़ करने और सहयोग के नये आयाम तलाशने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**रूस को ग्लोबल मार्केट में पहुंचने से रोके अमेरिका**

*जेलेंस्की के इस बयान से एक दिन पहले ही अमेरिका की मध्यस्थता से रूस और यूक्रेन के बीच ब्लैक सी में सीजफायर समझौता हुआ था। अमेरिका ने कहा है कि वो ग्लोबल एग्रीकल्चर और फर्टिलाइजर मार्केट में रूस की पहुंच फिर से बहाल करने में मदद करेगा। जेलेंस्की ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि अमेरिका पुतिन को इस ग्लोबल मार्केट में एंट्री करने में मदद न करे। मेरा मानना है कि यह खतरनाक है। अमेरिका पुतिन को बिना शर्त सीजफायर के कहेगा।*

---

### आईएएस संजीव हंस से जुड़ा मामला

## चीफ इंजीनियर के ठिकानों पर ईडी का छापा, मंगाई गई नोट गिनने की मशीन

एजेंसी ▶▶ पटना



पटनाः बिहार में भवन निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर तारणी दास के ठिकानों पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने छापेमारी की। आरोप है कि ये मामला आईएएस अधिकारी संजीव हंस से जुड़ा है और टेंडर में घोटाले की आशंका है।

छापेमारी में करोड़ों रुपए मिलने की खबर है, जिसके लिए नोट गिनने की मशीन मंगाई गई है। तारणी दास भवन निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (उतर) हैं। हाल ही में बिहार सरकार ने उन्हें रिटायर होने के बाद फिर से कॉन्ट्रैक्ट नौकरी पर रख लिया था। इस घटना से पटना के बड़े अफसरों में हड़कंप मच गया है। तारणी दास, 31 अक्टूबर 2024 को मुख्य अभियंता (उत्तर) के पद से रिटायर हुए थे। लेकिन भवन निर्माण विभाग ने उन्हें फिर से उसी पद पर दो साल के लिए नौकरी पर रख लिया।

इतना ही नहीं, उन्हें निगम में मुख्य महाप्रबंधक का अतिरिक्त काम भी दे दिया गया। भवन निर्माण विभाग ने 29 नवंबर को एक सूचना जारी की थी। 19 नवंबर 2024 को राज्य मंत्रिपरिषद ने इस प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की थी।

## हुर्रियत के दो और समूहों ने अलगाववाद त्यागा मोदी के नए भारत में विश्वास जताया : शाह



**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि हुर्रियत कांफ्रेंस के दो और घटकों ने अलगाववाद त्याग दिया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बनाये जा रहे 'नये भारत' में अपना विश्वास जताया है। अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के दो घटकों- जम्मू कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट (जेकेपीएम) और जम्मू कश्मीर डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट (जेकेडीपीएम)- ने मंगलवार को अलगाववाद त्यागने की घोषणा की थी।

#### एकता की जीत पूरे कश्मीर में गूंज रही

शाह ने कहा कि मोदी सरकार के शासन में अलगाववाद अंतिम सांस ले रहा है और एकता की जीत पूरे कश्मीर में गूंज रही है। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''कश्मीर घाटी से एक और बड़ी खुशखबरी। हुर्रियत से जुड़े दो और समूहों, जम्मू कश्मीर तहरीकी इस्तेकलाल और जम्मू कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकामत ने अलगाववाद त्याग दिया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा बनाये जा रहे नये भारत में अपना विश्वास जताया है।'' जम्मू कश्मीर तहरीकी इस्तेकलाल के अध्यक्ष गुलाम नबी सोफी ने एक बयान में कहा कि वह और उनका संगठन 'ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस' या इसके जैसी विचारधारा वाले किसी भी अन्य समूह से खुद को अलग करते हैं। सोफी ने कहा, ''हमने तमाम मुश्किलों के बावजूद अपना संघर्ष जारी रखा, लेकिन न तो 'ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस' (एपीएचसी) (जी) और न ही एपीएचसी (एम) आम जनता की उम्मीदों को पूरा कर पाए।

### ट्रंप का विदेश में बने वाहनों पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान

## साझेदारों के साथ बढ़ेगा तनाव, कार की कीमतों और नौकरियों पर पड़ेगा असर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ऑटो आयात पर भारी टैरिफ लगाने का एलान किया। इस फैसले अमेरिका का व्यापारिक साझेदारों के साथ तनाव बढ़ सकता है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा, हम अमेरिका के बाहर बनी सभी कारों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। लेकिन अगर कार अमेरिका में बनी है, तो उस पर कोई टैरिफ नहीं लगेगा। यह टैरिफ दो अप्रैल से लागू होंगे और विदेश में बनी कारों व हल्के ट्रकों पर असर डालेगा। यह मौजूदा टैरिफ के अतिरिक्त होगा। ऑटोमोटिव रिसर्च सेंटर के मुताबिक, अमेरिकी टैरिफ कारों की कीमत को हजारों डॉलर तक बढ़ा सकता है और नौकरियों पर नकारात्मक असर डाल सकता है।

#### कनाडाई पीएम बोले- यह हमारे देश पर सीधा हमला

**टोरंटो।** कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ऑटोमोबाइल आयात पर 25 फीसदी टैरिफ की घोषणा को अपने देश पर 'सीधा हमला' करार दिया। उन्होंने कहा कि यह व्यापार युद्ध न केवल कनाडा, बल्कि खुद अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के उपभोक्ताओं को भरोसा कई वर्षों के निम्नतम स्तर पर है। वह जवाबी कार्रवाई करने से पहले ट्रंप के कार्यकारी आदेश का पूरा अध्ययन करेंगे।

---

**अलर्ट** वीडियो गेम खेलकर 7वीं क्लास के बच्चे ने दिया गया था टास्क

*कहा-जिसके ज्यादा घाव, उसे ही दिया जाएगा इनाम टास्क पूरा न होने पर 5 रुपये फाइन की शर्त रखी*

## गुजरात में 10 रुपये के लिए 40 बच्चों ने अपने हाथों पर लगाए कट

**अमरेली (एजेंसी)।** गुजरात में एक गांव के सरकारी स्कूल में 40 बच्चों ने शार्पनर से अपने हाथ पर कट मारकर घायल कर कर लिया। ये सभी 5वीं से 8वीं कक्षा के छात्र हैं। बताया जा रहा है कि इन बच्चों को एक 7वीं कक्षा के छात्र ने वीडियो गेम खेलकर टास्क दिया था, जिसमें उसने कहा था, जिसके हाथ ज्यादा घाव होंगे, उसे 10 रुपये इनाम दिया जाएगा। इस छात्र को वीडियो गेम में ब्लू व्हेल गेम खेलकर ऐसा टास्क देने का आइडिया आया था। पिछले 8-10 दिन से बच्चे अपने हाथ पर कट लगा रहे थे। बुधवार को एक बच्चे के हाथ में कट देखकर उसके पेरेंट्स ने स्कूल में जाकर शिकायत की, तो मामले का खुलासा हुआ।

#### स्कूल में शार्पनर से बच्चों ने खुद को घायल किया

**10 बच्चों से शुरू हुआ खेल 40 तक पहुंचा**

मामला अमरेली में मोटा मुंजियासर गांव के प्राथमिक विद्यालय का है। यहां कक्षा 7 के छात्र ने अपनी कक्षा के अन्य छात्रों को ब्लेड से हाथ पर घाव करने का टास्क दिया था। उसकी क्लास के 10 बच्चे इसमें शामिल हुए और फिर धीरे-धीरे इस गेम में 5वीं से 8वीं तक के 40 बच्चे शामिल हो गए। छात्र ने टास्क के दौरान शर्त रखी थी, कि जिसके हाथ पर ज्यादा यह गहरे घाव होंगे उसे 10 रुपये का इनाम दिया जाएगा। जो छात्र टास्क पूरा नहीं कर पाएगा उसे 5 रुपये जुर्माना देना होगा।

**गेम खेलता रहता था छात्र**

जांच में पता चला है कि टास्क देने वाला छात्र मोबाइल लेकर स्कूल आता है और घर पर अक्सर ऑनलाइन गेम खेलता है। अमरेली के एएसपी जयवीर गढ़वी ने स्कूल पहुंचकर अभिभावकों के बयान दर्ज किए हैं। स्कूल में करीब 300 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं।


### भारत में बैन है पबजी और ब्लू व्हेल गेम

- जिस ब्लू व्हेल गेम को खेलकर छात्र ने टास्क दिया था। उसे भारत सरकार ने 2017 में बैन कर दिया था। दरअसल, ब्लू व्हेल चैलेंज गेम को सुसाइड गेम भी कहा जाता है। 2015 से 2017 के बीच इस गेम से जुड़ी कई आत्महत्या की घटनाएं सामने आई थी।
- साल 2020 में सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर पबजी बैटल रॉयल गेम को बैन कर दिया था, लेकिन, इस गेम के देशी अवतार के तौर पर बीजीएमआई को भारत में उतारा था। अब सरकार इसके एक्सेस को भी ब्लॉक कर दी है। हाल ही में सरकार ने पॉपुलर बैटल रॉयल गेम फ्री फायर को भी इसी कारण से बंद कर दिया था।

### दो समझौतों पर हस्ताक्षर

## रक्षा मंत्रालय ने किया 2, 500 करोड़ का समझौता, सशस्त्र बलों को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को टैंक रोधी हथियार प्लेटफार्म से जुड़े ट्रैक्ड संस्करण नाग मिसाइल सिस्टम (एनएएमआईएस) और 5 हजार हल्के वाहनों की खरीद के लिए आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड और फोर्स मोटर लिमिटेड, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के साथ 2 हजार 500 करोड़ रुपए के दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे सशस्त्र बलों की युद्धक क्षमता में काफी इजाफा देखने को मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी उपस्थिति रहे। मंत्रालय ने समझौतों को रक्षा खरीद प्रक्रिया से जुड़ी हुई खरीददारी (भारतीय-स्वदेशी रूप से परिकल्पित, विकसित और निर्मित) श्रेणी के तहत अमलीजामा पहनाया है। एनएएमआईएस दुश्मन के बख्तरबंद वाहनों के खिलाफ बेहद उन्नत टैंक रोधी हथियार प्रणालियों में से एक है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25